# PRESS CLIPPINGS

**Date : 9th December 2014**

**Sub: -Vice-Chancellor of ICFAI University hands over Annual Report to the Governor, Govt. of Jharkhand**

# इक्फाइ विवि ने वार्षिक रिपोर्ट जारी की



राज्यपाल डॉ सैयद अहमद के साथ विवि के कुलपति और अन्य.

**लाइफ रिपोर्टर @ रांची**

इक्फाइ विवि ने आठ दिसंबर को राजभवन में अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने विवि के सत्र 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट राज्यपाल सह कुलाधिपति डॉ सैयद अहमद के समक्ष प्रस्तुत की. प्रो राव ने राज्यपाल को बताया कि मूल्यों और नैतिकता विषय पर एक अनिवार्य कोर्स के माध्यम से छात्रों के चरित्र को आकार देने के लिए विवि द्वारा कदम उठाये गये हैं. छात्रों में उद्यमशीलता की सोच बढ़ाने के लिए उद्यमिता पर कोर्स शुरू किये गये हैं. कुलाधिपति डॉ अहमद ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विवि द्वारा उठाये गये कदमों की सराहना की. इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ बीएम सिंह, डीन प्रो एसएस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद, प्रो एससी स्वेन मौजूद थे.

मंगलवार, 09 दिसंबर 2014
हिन्दुस्तान 18
रांची LIVE
युवा

# राज्यपाल को सौंपी वार्षिक रिपोर्ट



इक्फाई विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने सोमवार को राज्यपाल डॉ सैयद अहमद के समक्ष विवि की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विवि की प्रगति के बारे में भी उन्हें बताया। राज्यपाल से मिलने वालों में कुलसचिव डॉ बीएम सिंह, प्रो एस प्रसाद, प्रो. मदन प्रसाद, प्रो.एससी स्वेन शामिल थे।

दैनिक भास्कर

रांची, मंगलवार, 9 दिसंबर, 2014 8

## न्यूज़ इनबॉक्स

# कुलपति ने राज्यपाल को सौंपी इक्फाई विवि की वार्षिक रिपोर्ट



रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. ओआरएस राव सोमवार को राजभवन में राज्यपाल सह कुलाधिपति डॉ. सैयद अहमद से मिले। उन्होंने राज्यपाल को वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट सौंपी। साथ ही विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कुलपति ने कहा कि इक्फाई विवि में नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा दी जा रही है। इसके अलावा जॉब ओरिएंटेड कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने क्वालिटी एजुकेशन के लिए उठाए गए कदम की सराहना की। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह, प्रो. ए प्रसाद और प्रो. मदन प्रसाद भी थे।

HINDUSTAN TIMES, RANCHI
TUESDAY, DECEMBER 9, 2014 hindustantimes | jharkhand | 03

# ICFAI V-C hands over report to governor

**RANCHI:** Vice chancellor of ICFAI University ORS Rao met Governor Syed Ahmed on Monday and apprised the latter about the progress made by the varsity during 2013-14. The V-C also handed over the annual report to the governor.

Rao explained to Ahmed the initiatives taken by ICFAI to shape the character of students by introducing a compulsory course on values. Professor Rao handed over to the governor a book published by ICFAI on Unleashing Entrepreneurship in India — Opportunities and Challenges. **HTC**

खबर मन्त्र

# मूल्यों और नैतिक शिक्षा से चरित्र बनाने की पहल

## राज्यपाल से मिले इक्फाइ के कुलपति ओआरएस राव

खबर मन्त्र रिपोर्टर

रांची। इक्फाइ विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति प्रो ओआरएस राव के नेतृत्व में विवि का प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सैयद अहमद से मुलाकात की। सदस्यों ने विश्वविद्यालय की वार्षिक (सत्र 2013-14) रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रो राव ने राज्यपाल को बताया कि मूल्यों और नैतिकता के पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों के चरित्र को निश्चित आकार दिया जा सकता है। राज्यपाल ने विवि में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए विवि द्वारा उठाये गये कदमों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल में विवि के कुलसचिव डॉ बीएम सिंह, डीन प्रो एस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद, डॉ एससी स्वेन आदि थे।



राज्यपाल से मिलने पहुंचे इक्फाइ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल।

सन्मार्ग
रांची, मंगलवार, 9 दिसंबर 2014
www.sanmargjharkhand.com


# इक्फाई विश्वविद्यालय ने राज्यपाल को सौंपी रिपोर्ट



वरीय संवाददाता

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय के उप कुलपति (वाइस चांसलर) प्रो.ओआरएस राव ने सोमवार को राज्यपाल डॉ.सैयद अहमद से मुलाकात की। उन्होंने विश्वविद्यालय की वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट व लेखा-जोखा राज्यपाल को सौंपा। उन्होंने झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम में कई व्यावसायिक कोर्स के अलावा उद्यमशीलता का कोर्स भी शामिल किया गया है। जिसका लाभ छात्रों को मिल रहा है। प्रो.राव ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की ओर से प्रकाशित पुस्तक भी भेंट की। राज्यपाल ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ.बीएम सिंह, प्रो.एएस प्रसाद, प्रो.मदन प्रसाद व डॉ. एससी स्वेन आदि मौजूद थे।

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.net

# ईक्फाई विवि ने राज्यपाल को वार्षिक रिपोर्ट सौंपा



**रांची :** ईक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने विवि के सत्र-2013-14 का वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति झारखंड के राज्यपाल डॉ सैयद अहमद के समक्ष प्रस्तुत किया तथा विवि के प्रगति के बारे में राज्यपाल को बताया। प्रो राव ने राज्यपाल को मूल्यों और नैतिकता विषय पर एक अनिवार्य पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों के चरित्र को आकार देने के लिए विश्वविद्यालय के द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी भी राज्यपाल को दी। प्रो राव ने बताया कि छात्रों में उद्यमशीलता की सोच बढ़ाने के लिए उद्यमिता पर एक पाठ्यक्रम को अपने विवि में सभी प्रोग्राम में सम्मिलत किया है। इस मौके पर कुलपति राव ने राज्यपाल को उन्मुक्त उद्यमिता अवसर एवं चुनौतियां पर प्रकाशित पुस्तक भेंट की। राज्यपाल डॉ अहमद ने विवि में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए विवि के द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। राज्यपाल से मिलने वालों में कुलसचिव डॉ बीएम सिंह, प्रो एएस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद, प्रो एससी स्वेन शामिल थे।

# इक्फाई ने राज्यपाल को सौंपी वार्षिक रिपोर्ट



इक्फाई की वार्षिक रिपोर्ट सौंपने के अवसर पर राज्यपाल का स्वागत करते कुलपति।

रांची, 8 दिसम्बर (रां.ए.सं.) : इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड की ओर से आज वित्तीय वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट और खाते की विवरणी राज्यपाल डा. सैयद अहमद को सौंपी गई।

कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने यह रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी। साथ ही विश्वविद्यालय की विकास योजनाओं से भी उन्हें अवगत कराया। प्रो. राव ने इस मौके पर पाठ्यक्रम में मूल्य व नैतिकता को शामिल करने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय की ओर से उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए कार्यक्रमों की भी राज्यपाल को जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कुलसचिव डा. बीएम सिंह सहित विवि के अन्य शिक्षक व अधिकारी मौजूद थे।